## महत्वपूर्ण एवं खास

### नोटबंदी से बड़ा घोटाला देश में नहीं हुआ-राहुल गांधी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के प्रचार के लिए यहां पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को कोरबा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नोटबंदी से बड़ा घोटाला हिन्दुस्तान में नहीं हुआ है। नोटबंदी की सच्चाई जल्द ही देश की जनता के सामने आएगी। राहुल गांधी छग के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए मंगलवार से प्रदेश प्रवास पर है। आज वे कोरबा में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नोटबंदी देश का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने नोटबंदी के जरिए देश की जनता को लूटा है। नोटबंदी के बाद देश की गरीब जनता, किसान, मजदूर, माता-बहनें भी लाईन में लगे रहे, लेकिन अमीर लोग लाइन में नहीं दिखे क्यों। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की जनता, छग की जनता का पैसा चोरी कर देश के सिर्फ चंद अमीर लोगों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। नोटबंदी के बाद विजय माल्या जैसे कई अमीर लोग देश का करोड़ों रूपये लेकर विदेश भाग जाते है।

### सत्ता के लिए नेता की नीति और नियत साफहोना चाहिए : योगी आदित्यनाथ

धमतरी (आरएनएस)। दूसरे चरण के प्रचार-प्रसार के लिए स्टार प्रचारक व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज धमतरी जिले के कुरुद विधानसभा पहुंचे। वे बीजेपी प्रत्याशी अजय चंद्राकर के पक्ष में प्रचार करने कुरुद के खेल मैदान पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार को कांग्रेस ने ही बढ़ावा दिया। सत्ता संचालन के लिए नेता, नीति और नीयत साफहोना चाहिए, लेकिन कांग्रेस के पास तीनों चीजे नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कामकाज के बदौलत आज देश की दिशा बदल रही है।

योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण का मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया है।अब दूसरे चरण के मतदान के लिए सबको अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। उन्होंने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सरकार ने साकार किया है। कांग्रेस के नारे और वायदे झूठे है उन पर कभी विश्वास नहीं किया जा सकता है।कांग्रेस देश विभाजन का प्रमुख कारण है। राहुल गांधी के नेतृत्व में इस देश में कभी कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी।

### 30 करोड़ की राशि से होगा बिलासपुर स्टेशन का सौंदर्यीकरण, मंडल ने बोर्ड को भेजा है प्रस्ताव

बिलासपुर (आरएनएस)। 30 करोड़ रुपए से बिलासपुर स्टेशन के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बिलासपुर मंडल द्वारा रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। बोर्ड की मंजूरी के बाद सौंदर्यीकरण के लिए काम शुरू किए जाएंगे। बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव में सौंदर्यीकरण के कई कामों को शामिल किया गया है। बिलासपुर स्टेशन में वर्तमान में यात्री सुविधाओं के लिए कई प्रबंध किए गए हैं। इनमें प्लेटफार्म नंबर एक में दिव्यांगों के लिए लिफ्ट, रैंप, एस्कीलेटर,खान-पान के स्टॉल, रिटायरिंग रूम, प्रथम व द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय आदि सुविधाएं शामिल हैं। सुंदरता के लिए दीवारों को चित्र उकेरे गए हैं। इसके बाद भी सुविधा और सुंदरता बढ़ाने के लिए प्लानिंग की जा रही है। यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखकर की गई प्लानिंग में फुटओवरब्रिज, प्लेटफार्म में नए टाइल्स लगने, एटीवीएम की संख्या बढ़ाने आदि का काम शामिल है। वर्तमान में प्लेटफार्म नंबर चार और पांच के पास छोटे झाड़ और कंटीली झाड़ियां है जो स्टेशन की सुंदरता पर ग्रहण लगाते हैं। इसे भी साफकराकर यहां भी सौंदर्यीकरण के विकल्प पैदा किए जा सकते हैं। वर्तमान में प्लेटफार्म नंबर चार में ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

### महिला की सुविधा के लिए अब 18 संगवारी मतदान केन्द

रायपुर (आरएनएस)। महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रायपुर जिले में 18 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जहां 20 नवंबर को मतदान होगा। इन केन्द्रों में मतदाता, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी सभी महिलाएं होंगी। संगवारी मतदान केन्द्र पर महिला वोटर्स के बैठने से लेकर पीने के पानी तक की व्यवस्था की जाएगी। इन बूथों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी महिला सुरक्षाकर्मियों के हाथों में होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. ने संगवारी मतदान केन्द्र के बारे में बताया है कि कुल 18 मतदान केंद्र संगवारी मतदान केंद्र के रूप में होंगे। जिसमें धरसींवा में मतदान केन्द्र 203 व 204 नकटी, रायपुर ग्रामीण में दलदल सिवनी का मतदान केन्द्र 123क व सड्डू मतदान केन्द्र 138क, रायपुर नगर पश्चिम में कोटा मतदान केन्द्र 32क व कॉलेज वार्ड मतदान केन्द्र 206क, रायपुर नगर उत्तर में सिविल लाईन मतदान केन्द्र 182क व 183, रायपुर नगर दक्षिण में कुशालपुर मतदान केन्द्र 148क व कृष्णानगर मतदान केन्द्र 230क, आरंग विधानसभा में आरंग के मतदान केन्द्र 222, 230 व 231, अभनपुर में गोबरा नवापारा में मतदान केन्द्र 224, 225, 226, 238 व 239 को संगवारी मतदान केन्द्र घोषित किया गया है।

# नक्सली विस्फोट में 6 जवान घायल, 3 गंभीर

## चुनाव की संपन्नता के बाद से बस से लौट रहे बीजापुर

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चुनाव संपन्न करवाकर लौट रहे जवानों की पार्टी को नक्सलियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट कर उड़ा दिया, जिसमें 6 जवान बुरी तरह जख्मी हो गए, जिनमें 3 की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घायलों को बीजापुर जिला अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती करवाया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार भोपालपटनम क्षेत्र से बीएसएफ 414 बटालियन, के चार, एसटीएफ का एक एवं डीआरजी का चालक, बस में सवार होकर बीजापुर जिला मुख्यालय लौट रहे थे। ग्राम कोड़ेपाल के निकट महादेव घाट पर घात लगाए नक्सलियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। धमाके में वाहन में सवार सभी छहों जवान, एएसआई नरेश सिंह, कांस्टेबल भगवान सिंह, निरंजन सिंह, आलोक सिंह, जिला बल से गणपति वासम और ड्राइवर जख्मी हो गए, जिनमें से 3 की हालत चिंतनीय बतायी जा रही है। गंभीर घायलों को हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया जा रहा है। जिस स्थल पर ब्लास्ट हुआ है, वहां दस फीट आयताकार एवं दस फीट गहरा गड्ढा हो गया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट के लिए कम से कम 30 से 40 किलो बारूद का इस्तेमाल किया गया है। बीजापुर भोपालपटनम मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन बन्द कर दिया गया है। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 12 नवम्बर को सम्पन्न हुआ था, इस चुनाव को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये हजारों की संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था और उन्हें सख्त हिदायत दी गयी थी कि वे वाहनों में कतई सफर न करें।

# शराब पीने के बाद दो की संदिग्ध मौत

## कोटमीसोनार की घटना, जांच में जुटी पुलिस

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। अकलतरा थानांतर्गत ग्राम कोटमीसोनार में बुधवार की सुबह शराब पीने के बाद दो लोगों की संदिग्ध रूप से मौत हो गई। एक की घर पर ही तो, दूसरे ने इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि शराब सीलबंद थी, लेकिन चखना के रूप में भाजी का इस्तेमाल किए थे। इससे शराब से मौत से इनकार किया जा रहा है, लेकिन भाजी सब्जी में ही कुछ मिले होने की आशंका जताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। जिसने दोनों को शराब दी थी। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत की वजह की पुष्टि होगी। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है।



अकलतरा टीआई परिवेश तिवारी ने बताया कि बैगा कंवट और जीवन लाल कंवट आपस में चचेरे भाई हैं। उसका पड़ोसी युवक बुधवार की सुबह जब सोकर उठा तब देखा कि घर के द्वार में शराब की सीलबंद सीसी पड़ी है। उसने शराब को बैगा कंवट व जीवन कंवट को दे दिया। बैगा के घर में भाजी सब्जी बन रही थी। भाजी सब्जी को चखना में लेकर दोनों ने शराब को पी गए। शराब पीने के बाद उनके मुंह से झाग निकलने लगा।

### सूने मकान का ताला टूटा, नगदी सहित 72 हजार के गहनें पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के खमतराई थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवानंद नगर कान्वेंट स्कूल के पास स्थित एक सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर 50 हजार रूपये नगद रूपयों के अलावा करीब 22 हजार के सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गये। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संगीता वर्मा 40 वर्षीया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका शिवानंद स्थित मकान 11 व 12 नवंबर को बंद पड़ा था। इस बीच कोई अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे 50 हजार रूपये नगद एवं सोने-चांदी के गहनें चोरी कर ले गये।

### विजयनगर खमतराई से नाबालिग लड़की लापता

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई के विजयनगर से एक 16 वर्षीय लड़की 10 नवंबर की शाम से लापता हो गई है। लड़की के परिजनो ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। परिजनों का आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है।

## भाजपाईयों ने कोंडागांव विधायक पर लगाया मारपीट का आरोप

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले में चुनाव के एक दिन पूर्व घटित हुई मारपीट की घटना में अब दोनों पक्ष सामने आ गए हैं। दोनों ने ही अपने अपने पक्ष पुलिस थाना फरसगांव में रखते हुये एक दूसरे पर आरोपी की बौछार की है। इस घटना के बाद दोनों ही पक्ष खुद को बेकसूर बताते हुये प्रतिद्वंद्वी पर गंभीर आरोप लगा रहे है। इधर मोहन मरकाम घटना के बाद फटे हुए कपड़ों में नजर आये, तो दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्मी अरोरा के भी बैंडेजो में लिपटे फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। यह तो जांच होने के बाद ही पता चलेगा कि सही कौन बोल रहा है।

## ...तो सुष्मिता सेन बॉयफ्रेंड रोहमन संग जल्द रचा सकती हैं शादी?

पिछले कुछ दिनों से अचानक सुष्मिता सेन अपने अफेयर को लेकर फिर से चर्चा में हैं। इस बार वह खुद से 15 साल छोटे रोहमन शॉल के साथ रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं और पिछले दिनों दोनों कई पार्टियों में साथ नज़र आए। अब ऐसा लग रहा है कि दोनों अपने इस रिलेशनशिप को अगले लेवल पर ले जाना चाह रहे। जी हां, रिपोर्ट्स की मानें तो जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंध सकते हैं।



## लड़की अपने निचली जाति के प्रेमी के साथ घर से भागी, तो घरवालों ने जिंदा बेटी का किया अंतिम संस्कार



मध्य प्रदेश में एक बहुत ही हैरानजनक मामला सामने आया है. एक लड़की अपने निचली जाति के प्रेमी के साथ घर से भागी, तो घर वालों ने उसका प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया. घर वालों ने गुस्से में आकर उसकी सभी चीजों को जलाकर उसे मरा हुआ मान लिया. बेटी के मर्जी की खिलाफ जाने पर परिवार वालों ने बहुत नाटकीय कदम उठाया. मध्य प्रदेश के झाबुआ में एक परिवार ने अपनी जिंदा बेटी का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया क्योंकि वो निचली जाति के प्रेमी के साथ भाग गई थी. यहां तक कि परिवार वालों ने अंतिम संस्कार के बाद अपने सिर भी मुंडवा लिए. ये अंतिम संस्कार पिछले रविवार को किया गया. इसके दो हफ्ते पहले ही 20 साल की कुसुम अपने कॉलेज में साथ पढ़ने वाले एक लड़के के साथ घर छोड़कर चली गई थी. रिपोर्ट है कि लड़की अपने घर से बोलकर निकली थी कि वो कॉलेज जा रही है और उसी दिन वो नानू डांगी नाम के लड़के के साथ भाग गई, जो दूसरे गांव में रहता है और उसके साथ कॉलेज में पढ़ता है. परिवार वालों ने कुसुम के परिवारवालों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई. जांच में सामने आया है कि नानू डांगी के साथ चली गई है. इस पर पुलिस उसके गांव पहुंची और कुसुम को एसडीएम कोर्ट के सामने पेश किया. यहां उसने बताया कि वो डांगी के साथ शादी कर चुकी है और उसी के साथ रहना चाहती है. बालिग होने के चलते पुलिस ने दोनों को जाने दिया लेकिन लड़की के परिवार वाले इस बात को नहीं पचा पाए. कुसुम की बहन ने बताया कि उसके चाचा ने कुसुम को मरा हुआ घोषित कर दिया और उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर दी.

## कचरे से बना खाद लगा बिकने, अब तक 10 क्विंटल खाद की बिक्री

महासमुंद (आरएनएस)। नगर पालिका द्वारा घर-घर से संग्रहित कचरे से तैयार किया खाद अब बाजार में बिकने लगा है। अब तक पालिका ने करीब साढ़े पांच हजार रूपए की 10 चिंटल की खाद बेच ली है और कई लोगों ने खाद की खरीदी करने सेम्पल ले गये हैं।

पालिका से मिली जानकारी के मुताबिक कचरे से तैयार खाद की बिक्री इस माह से प्रारंभ हुई जिसे शहर के करीब 6 लोगों ने खरीदा है और कई लोगों ने खरीदने के लिए सेम्पल लिया है। 10 चिंटल खाद बेचने के बाद पालिका के पास वर्तमान में करीब 7 चिंटल खाद अभी बेचने के लिए रिसाइकिल केन्द्रों में रखा है। खाद की मांग अभी इतनी नहीं बढ़ी है मांग बढ़ने के साथ ही और अधिक आय होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पालिका ने यह खाद करीब 6 महीने की कड़ी मेहनत के बाद तैयार की है जिसमें करीब 10 टन से भी अधिक कचरा की छटाई की गई है।

### 3-3 माह से पेंशन के लिए भटक रहे वृद्धजन

जगदलपुर (आरएनएस)। वृद्धा पेंशन योजना का लाभ वृद्धजनों को कितना मिल रहा है। इसकी हकीकत जिला सहकारी बैंक में देखने को मिली। पेंशन राशि नहीं मिलने से नाराज दयालु बेसरा ने पेंशन कार्ड को जिला सहकारी बैंक परिसर में फाड़कर फेंक दिया। चंद्रशेखर वार्ड निवासी दयालु बेसरा को विगत तीन माह से पेंशन नहीं मिला है। पेंशन के लिए तीन माह से दयालु जिला सहकारी बैंक के चक्कर काट रहा है।

### हाथी भगाओ फसल बचाओ तब वोट पाओ

महासमुंद (आरएनएस)। हाथियों से त्रस्त तथा बीते दिनों हाथी द्वारा एक युवक पर हमला करने के बाद ग्रामीणों ने ग्राम गुडरूडीह में एक बोर्ड लगा दिया है जिसमें हाथी भगाओ, फसल बचाओ तब वोट पाओ लिखा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के आतंक से सैकड़ों एकड़ फसल तबाह हुई है।

## सलमान की भारत के लिए बनाया जाएगा वाघा-अटारी बॉर्डर

जब से सलमान खान की फिल्म भारत को बनाए जाने की घोषणा की गई है, तभी से यह किसी न किसी कारण चर्चा में बनी रहती है। चाहे वह फिल्म की स्टारकास्ट हो या कहानी, यह फिल्म किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहती है। फिल्म के अगले शेड्यूल की शूटिंग पंजाब में शुरू हो चुकी है।



अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनने जा रही भारत की पूरी स्टारकास्ट पंजाब में मौजूद है। बताया जा रहा है कि फिल्म के लिए वाघा-अटारी बॉर्डर का सेट तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी 70 साल के समय के बीच होगी। इसमें भारत की आजादी से लेकर वर्तमान समय तक की कहानी दिखाई जाएगी।

## सौम्या टंडन भी छोड़ देंगी अपना भाभी जी घर पर हैं टीवी शो!

टीवी के बेहद लोकप्रिय शो भाभी जी घर पर हैं! की अनीता भाभी यानी एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने प्रेग्नेंट होने की जानकारी दी. यह उनकी पहली संतान होगी. एक्ट्रेस ने इसे खूबसूरत अहसास बताया है. अनीता को गोरी मेम भी कहा जाता है. शो में अनीता भाभी का किरदार निभाने वाली सौम्या ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी दी.



# लंबे बालों के लिए इन आसान टिप्स को अपनाएं

लंबे लहराते बाल किसे नहीं अच्छे लगते? लेकिन सभी के बाल लंबे और शाइनिंग नहीं होते। पर इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपने बालों की लंबाई नहीं बढ़ा सकतीं। पोषक तत्वों की कमी और डैमेज होने के कारण बालों की नैचरल ग्रोथ रुक जाती है लेकिन कुछ सिंपल तरीकों से आप बालों को लंबा और चमकदार बना सकती हैं।



### ट्रिमिंग

8 से 10 सप्ताह के अंदर बालों की रेग्युलर ट्रिमिंग करते रहें। इससे बालों की ग्रोथ तेज होती है। फ्लूशन के कारण होने वाली गंदगी और सूरज की अल्ट्रावायलट किरणों के कारण बाल डैमेज हो जाते हैं जिसके कारण दोमुंहे बालों की समस्या होती है। जब आप अपने बालों को नियमित रूप से ट्रिम करती रहेंगी तो दोमुंहे बाल यानी स्प्लिट एंड बाहर निकल जाएगा और बिना किसी रुकावट आपके बालों की ग्रोथ होगी।

### कंडिशनिंग

आपने यह जरूर नोटिस किया होगा कि आपके बाल, जड़ों की अपेक्षा सिरों पर ज्यादा पतले और डैमेज होते हैं क्योंकि बालों के बाहरी हिस्सों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता। हर बार बाल धुलने के बाद कंडिशनिंग करने से बालों के क्युटिकल्स सील हो जाते हैं जिससे बाल डैमेज नहीं होते। इससे बाल हेल्दी और मजबूत होते हैं जिससे तेजी से बढ़ते हैं।

### गर्म तेल से मसाज

गर्म तेल से मसाज करने से स्ट्रेस में राहत मिलती है। सप्ताह में एक बार बालों को गर्म तेल से मसाज करने से बाल मजबूत होते हैं और बालों का टूटना भी कम होता है। नारियल तेल ,ऑलिव ऑइल या लैवेंडर ऑइल से बालों में मसाज करने से बाल चमकदार होते हैं और तेजी से बढ़ते हैं।

### सोने से पहले कंघी जरूर करें

आपने यह जरूर सुना होगा कि बालों को ज्यादा कंघी करने से हेयर फॉल की समस्या होती है और बालों को नुकसान भी पहुंचता है। यह पूरी तरह से आपके हेयर ब्रश पर निर्भर करता है। सिंथेटिक ब्रिसल वाली कंघी की बजाय हेयर ब्रश का इस्तेमाल ज्यादा अच्छा हो सकता है। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन तेजी से होता है। रात में सोने से पहले बालों को ब्रश जरूर करें। इससे जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की ग्रोथ तेजी से होती है।